(10) यदि बाद में यह खुलासा होता है कि सुरक्षा ठेकेदार किसी संस्था की काली सूची में सम्मिलित है, तो सुरक्षा ठेकेदार की धरोहर राशि एवं सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी। काली सूची में घोषित निविदाकार की निविदा मान्य नहीं की जावेगी।

(11) यदि ठेके की शर्तों के अंतर्गत किसी भी प्रकार का विवाद होता है, तो विवाद को ''आर्बिट्रेशन'' हेतु अध्यक्ष / प्रशासक, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल को सौंपा जावेगा । आर्बिट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

**8. अनुबंध की अवधि / निरस्तीकरण :–**

(1) यह अनुबंध दो वर्षो के लिए होगा तथा सुरक्षा ठेकेदार द्वारा निष्पादित कार्य के आधार पर एक–एक वर्ष के आधार पर दो वर्ष के लिए उसका नवीनीकरण किया जा सकेगा।

(2) यह अनुबंध सुरक्षा ठेकेदार अथवा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा दो माह की सूचना देकर समाप्त किया जा सकेगा। अनुबंध निरस्त होने पर अनुबंधकर्ता को सभी नियोजित सुरक्षाकर्मियों की वापसी सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से करना होगी।

(3) सुरक्षा ठेकेदार को, निविदा स्वीकृत होने पर तत्काल स्वयं के व्यय पर राशि रू 1,000 / – (रू एक हजार मात्र) का गैर न्यायालयीन स्टाम्प पेपर प्रस्तुत करना होगा एवं कार्य प्रारंभ करने के पूर्व अनुबंध हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

(4) अनुबंध के संबंध में होने वाली सभी वैधानिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल स्थित न्यायालय तक ही सीमित रहेगा।

(5) निविदा स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल का होगा।

**9. ठेके पर सुरक्षाकर्मियों को रखे जाने हेतु सुरक्षा ठेकेदार के लिए नियम एवं शर्ते :–**

(1) प्रत्येक माह में सुरक्षा ठेकेदार द्वारा उपलब्ध करायी गई सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति दुग्ध संघ कार्यालय द्वारा सुरक्षा ठेकेदार को देयक तैयार करने हेतु उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) प्रदाय की गई सुरक्षाकर्मी सुरक्षा ठेकेदार के कर्मचारी होंगे वे भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के कर्मचारी नहीं होंगे।

(3) सुरक्षा ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत की गई सर्विस चार्ज की दर अनुबंध की अवधि में निश्चित रहेगी। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत् श्रमायुक्त कार्यालय, इंदौर द्वारा मजदूरी राशि में यदि कोई वृद्धि की जाती है, तो सुरक्षा ठेकेदार द्वारा तदानुसार ठेका सुरक्षाकर्मियों को पूर्ण भुगतान सुनिश्चित करना होगा।

(4) सुरक्षा ठेकेदार किसी भी स्थिति में अनुबंध को या उसके किसी अंश को बिना भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की सहमति के किसी अन्य फर्म / एजेन्सी को हस्तांतरित नहीं कर सकेगा।

